हादसा

पनपथा में बाघ का बढ़ता आतंक, डेढ़ महीने में 7 जनहानि से गहराया संकट

# चन्सुरा में बाघ के हमले से हुई वृद्ध की मौत





**चिल्हारी, उमरिया, नवभारत।** पनपथा वन परिक्षेत्र अंतर्गत ग्राम चन्सुरा में गुरुवार सुबह 60 वर्षीय अन्नू रजक की बाघ के हमले में मृत्यु हो गई। प्राप्त जानकारी के अनुसार अन्नू रजक सुबह अपने घर के समीप जंगल में महुआ फूल एवं डोरी बीनने गए थे। इसी दौरान उन पर बाघ ने हमला कर दिया। गश्त के दौरान वनकर्मियों को घटनास्थल के पास मृतक का जूता एवं घसीटने के निशान मिले। तलाश करने पर शव बरामद हुआ।

स्थानीय लोगों के अनुसार घटनास्थल के आसपास बाघ भी मौजूद था। बाद में वन विभाग ने हाथियों की सहायता से स्थिति को नियंत्रित कर शव को कब्जे में लिया और पोस्टमार्टम के लिए भेजा।

### 10 माह में इन्होंने गंवाई जान

इस घटना के साथ ही पनपथा क्षेत्र में मानव-वन्यजीव संघर्ष को लेकर चिंता और गहरा गई है। स्थानीय स्तर पर उपलब्ध जानकारी के अनुसार बीते लगभग डेढ़ महीने में लगभग 10 किलोमीटर के दायरे में छह लोगों की मृत्यु वन्यजीव हमलों से हुई है। इनमें कुदरी निवासी रज्जू कोल, ममता यादव, खेरवा टोला की फूलबाई पाल, झलवार के फूलबाई गौंड़, कल्याण सिंह तथा अब चन्सुरा के अन्नू रजक शामिल हैं।

### वन विभाग और प्रशासन के सामने बड़ी चुनौती

वन्यजीव संरक्षण और मानव सुरक्षा के बीच संतुलन बनाना एक जटिल विषय है, लेकिन लगातार हो रही घटनाओं के बाद स्थानीय लोगों के बीच यह सवाल उठ रहा है कि प्रभावित क्षेत्र में जोखिम कम करने के लिए उठाए गए उपायों की प्रभावशीलता की समीक्षा की जानी चाहिए। ग्रामीणों का कहना है कि जंगल से लगे गांवों में रहने वाले लोग आजीविका के लिए प्रतिदिन जंगलों पर निर्भर रहते हैं, ऐसे में सुरक्षा उपायों को और मजबूत किए जाने की आवश्यकता है। साथ ही क्षेत्रवासियों के बीच यह मांग भी उठ रही है कि जिला प्रशासन, वन विभाग और अन्य संबंधित एजेंसियां संयुक्त रूप से स्थिति की समीक्षा कर प्रभावित गांवों के लिए विशेष सुरक्षा योजना तैयार करें, ताकि भविष्य में ऐसी घटनाओं की पुनरावृत्ति रोकी जा सके।

### क्षेत्र की सबसे बड़ी मांग

लगातार छह जनहानि की घटनाओं के बाद क्षेत्र की सबसे प्रमुख मांग यह बनकर सामने आई है कि प्रभावित क्षेत्र में सक्रिय हमलों से जुड़े बाघ की गतिविधियों का विशेषज्ञों द्वारा तत्काल आकलन कराया जाए। ग्रामीणों, जनप्रतिनिधियों और विभिन्न संगठनों का कहना है कि यदि जांच और वैज्ञानिक मूल्यांकन में किसी विशेष बाघ की संलिप्तता स्थापित होती है, तो वन्यजीव संरक्षण नियमों एवं निर्धारित प्रोटोकॉल के तहत उसके रेस्क्यू, स्थानांतरण अथवा अन्य उपयुक्त प्रबंधन उपायों पर शीघ्र निर्णय लिया जाना चाहिए। स्थानीय लोगों का कहना है कि वे वन्यजीव संरक्षण के महत्व को समझते हैं, लेकिन लगातार हो रही मौतों के कारण क्षेत्र में भय का माहौल है। उनका मानना है कि मानव जीवन की सुरक्षा को सर्वोच्च प्राथमिकता देते हुए प्रभावी और समयबद्ध कदम उठाए जाने चाहिए।

### ज्ञापन, प्रदर्शन हुए, लेकिन ग्रामीणों की चिंता बरकरार

क्षेत्र में लगातार हो रही घटनाओं के बाद विभिन्न जनप्रतिनिधियों, सामाजिक संगठनों एवं राजनीतिक दलों द्वारा कई बार ज्ञापन सौंपे गए। मई माह में हुई घटनाओं के बाद स्थानीय स्तर पर धरना-प्रदर्शन कर प्रभावित क्षेत्र में सक्रिय बाघ के संबंध में आवश्यक कार्रवाई और ग्रामीण सुरक्षा सुनिश्चित करने की मांग उठाई गई थी। इसके बाद जून माह में भी जनहानि की घटनाओं के पश्चात पुनः ज्ञापन सौंपकर वन विभाग एवं प्रशासन का ध्यान इस गंभीर विषय की ओर आकर्षित किया गया। हालांकि, ग्रामीणों का कहना है कि घटनाओं का सिलसिला थम नहीं पाया है, जिससे क्षेत्र में भय और असुरक्षा की भावना लगातार बढ़ रही है।

### सबसे बड़ा सवाल

डेढ़ महीने में सात जनहानि और वह भी लगभग 10 किलोमीटर के दायरे में—यह स्थिति अब केवल वन्यजीव गतिविधियों का विषय नहीं रह गई है, बल्कि ग्रामीण सुरक्षा और प्रशासनिक चुनौती का गंभीर मुद्दा बन चुकी है। आज पनपथा, कुदरी, झलवार, चन्सुरा और आसपास के गांवों के लोग यह पूछ रहे हैं कि आखिर उनकी सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए आगे क्या कदम उठाए जाएंगे? क्या प्रभावित क्षेत्र में विशेष रणनीति बनाई जाएगी? और क्या लगातार उठ रही मांगों पर ठोस कार्रवाई देखने को मिलेगी?




# तिलक लगाकर नए बच्चों का किया स्वागत

स्कूल चलें हम अभियान के तहत उत्कृष्ट विद्यालय में प्रवेश उत्सव आयोजित

**डिंडोरी, नवभारत।** शासन की मंशानुसार स्कूल चले हम अभियान के द्वितीय चरण के अंतर्गत शासकीय उत्कृष्ट विद्यालय डिंडोरी में प्रवेश उत्सव कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की मुख्य अतिथि जिला पंचायत उपाध्यक्ष एवं शिक्षा स्थायी समिति की अध्यक्ष अंजू जितेंद्र ब्यौहार रहीं।

कार्यक्रम का शुभारंभ मां सरस्वती के पूजन के साथ हुआ। मुख्य अतिथि ने नवप्रवेशित विद्यार्थियों का तिलक एवं पुष्पमाला से स्वागत किया तथा कक्षा 9वीं से 12वीं तक के विद्यार्थियों को नि:शुल्क पाठ्यपुस्तकों का वितरण किया। इसके साथ ही कक्षा 9वीं के पात्र 85 विद्यार्थियों को उनके पालकों की उपस्थिति में नि:शुल्क साइकिलें भी वितरित की गईं।

अपने उद्बोधन में मुख्य अतिथि ने विद्यार्थियों को नियमित अध्ययन के साथ सामान्य ज्ञान बढ़ाने, प्रतिदिन विद्यालय आने तथा प्रश्नोत्तरी जैसी गतिविधियों में भाग लेने की प्रेरणा दी। उन्होंने विद्यार्थियों की समस्याओं के समाधान हेतु हर संभव सहयोग का आश्वासन भी दिया।

विद्यालय की प्राचार्य उपासना चौबे ने प्रतिवेदन प्रस्तुत करते हुए बताया कि नवीन शैक्षणिक सत्र में कक्षा 9वीं से 12वीं तक लगभग 800 विद्यार्थियों का प्रवेश हुआ है। उन्होंने बताया कि विद्यालय का कक्षा 10वीं का परीक्षा परिणाम शत-प्रतिशत तथा कक्षा 12वीं का परीक्षा परिणाम 97 प्रतिशत रहा।

### विभिन्न योजनाओं की दी जानकारी

कार्यक्रम में जनपद शिक्षा केंद्र डिंडोरी की बीएसी मंजूषा शेख ने विद्यार्थियों को नि:शुल्क पाठ्यपुस्तक, साइकिल, गणवेश एवं शासन की विभिन्न छात्रहितैषी योजनाओं की जानकारी दी।

इस अवसर पर विद्यालय की वरिष्ठ शिक्षिका लतिका डेनियल, हंसा तेकाम, वेदवती सिन्द्राम, पी.एस. कुशराम, अरबाज खान सहित समस्त विद्यालय स्टाफ उपस्थित रहा।



# 30 जून तक कराएं ई-केवायसी, अन्यथा बंद हो सकता है राशन

**नवभारत उमरिया।** राष्ट्रीय खाद्य सुरक्षा अधिनियम एवं लक्षित सार्वजनिक वितरण प्रणाली के अंतर्गत ऐसे हितग्राही सदस्य, जिनकी ई केवायसी पांच वर्ष से अधिक पुरानी हो चुकी है, उनका पुन: बायोमेट्रिक आधार सत्यापन ई केवायसी कराया जाना अनिवार्य किया गया है। शासन के निर्देशानुसार जिले में वर्तमान में लगभग 33,890 सदस्यों की ई केवायसी कराए जाने का कार्य प्रगति पर है, जिसे 30 जून 2026 तक पूर्ण किया जाना आवश्यक है।

निर्धारित समय-सीमा तक ई केवायसी नहीं कराने वाले हितग्राहियों का राशन वितरण प्रभावित हो सकता है तथा उनका नाम पात्रता सूची से निष्क्रिय होने की संभावना है। इस संबंध में सभी उचित मूल्य दुकानों के विक्रेताओं को उन सदस्यों की सूची पूर्व में ही उपलब्ध करा दी गई है, जिनकी ई केवायसी पांच वर्ष से अधिक पुरानी हो चुकी है। साथ ही उचित मूल्य दुकानों की पीओएस मशीनों में ऐसे सदस्यों के नाम पीले अक्षरों में प्रदर्शित हो रहे हैं, जिससे उनकी पहचान आसानी से की जा सके। कलेक्टर ने अनुविभागीय अधिकारी बांधवगढ़, मानपुर एवं पाली को निर्देश दिए हैं कि जिले में इस कार्य को सर्वोच्च प्राथमिकता के साथ पूर्ण कराया जाए।

# हर बच्चे को विद्यालय से जोड़ना सबकी जिम्मेदारी : राजू सिंह




**करंजिया, नवभारत।** मध्यप्रदेश शासन के महत्वाकांक्षी 'स्कूल चलें हम' अभियान एवं प्रवेश उत्सव 2026-27 के अंतर्गत शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय झनकी में उत्साह एवं उमंग के साथ भव्य कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता जनपद पंचायत करंजिया के अध्यक्ष राजू सिंह उद्दे ने की। कार्यक्रम में जनप्रतिनिधियों, शिक्षकों, अभिभावकों एवं विद्यार्थियों की उल्लेखनीय उपस्थिति रही।

कार्यक्रम का शुभारंभ मां सरस्वती के चित्र पर माल्यार्पण एवं दीप प्रज्ज्वलन कर किया गया। इसके पश्चात अतिथियों का स्वागत किया गया तथा नवप्रवेशित विद्यार्थियों का अभिनंदन करते हुए उन्हें शिक्षा के प्रति प्रेरित किया गया। अपने अध्यक्षीय उद्बोधन में जनपद पंचायत अध्यक्ष राजू सिंह उद्दे ने कहा कि शिक्षा ही व्यक्ति, समाज और राष्ट्र निर्माण का सबसे सशक्त माध्यम है। उन्होंने कहा कि वर्तमान समय में शिक्षा के बिना विकास की कल्पना नहीं की जा सकती। प्रत्येक अभिभावक का दायित्व है कि वह अपने बच्चों को नियमित रूप से विद्यालय भेजे तथा उनके उज्ज्वल भविष्य के निर्माण में सहयोग करे। उन्होंने विद्यार्थियों से अनुशासन, परिश्रम एवं लक्ष्य के प्रति समर्पण भाव रखते हुए अध्ययन करने का आह्वान किया। साथ ही शासन द्वारा संचालित विभिन्न शैक्षणिक योजनाओं का लाभ लेकर आगे बढ़ने की प्रेरणा दी। प्रवेश उत्सव कार्यक्रम के दौरान पात्र छात्र-छात्राओं को नि:शुल्क साइकिल एवं पाठ्य पुस्तकों का वितरण किया गया। विद्यार्थियों के चेहरे पर नई साइकिल एवं अध्ययन सामग्री प्राप्त करने की खुशी स्पष्ट दिखाई दी। इस अवसर पर अतिथियों ने विद्यार्थियों को मन लगाकर पढ़ाई करने तथा विद्यालय की गतिविधियों में सक्रिय सहभागिता निभाने की सलाह दी।

कार्यक्रम में ग्राम पंचायत झनकी के सरपंच बिरसिंह धुर्वे, पूर्व सरपंच गर्जन सिंह मरावी, पूर्व सरपंच ओमकार मरकाम, पालक-शिक्षक संघ समिति अध्यक्ष जीवन सिंह उद्दे, नंदलाल मिश्रा, भाजपा मंडल उपाध्यक्ष ललन ठाकुर, भाजपा कार्यकर्ता निरपत चंदेल, गुलाब मरकाम, पंच बाबूलाल मरावी, रोहित खांडे सहित क्षेत्र के अनेक जनप्रतिनिधि एवं गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे। विद्यालय के प्रभारी प्राचार्य सुशील कुमार नागेश्वर ने विद्यालय की शैक्षणिक उपलब्धियों, प्रवेश उत्सव के उद्देश्य एवं शासन की छात्र हितैषी योजनाओं की जानकारी देते हुए सभी अतिथियों का स्वागत एवं आभार व्यक्त किया। कार्यक्रम में साहित्य संकुल के समस्त शिक्षकगण, विद्यालय स्टाफ, अभिभावक एवं बड़ी संख्या में छात्र-छात्राएं उपस्थित रहे। उल्लासपूर्ण वातावरण में आयोजित इस कार्यक्रम ने शिक्षा के प्रति जनजागरूकता बढ़ाने तथा अधिक से अधिक बच्चों को विद्यालय से जोड़ने का संदेश दिया। कार्यक्रम का समापन राष्ट्रगान एवं आभार प्रदर्शन के साथ हुआ।

# भाजपा पिछड़ा मोर्चा की कमान राजकुमार मोंगरे के हाथ



**डिंडोरी, नवभारत।** भाजपा पिछड़ा मोर्चा मध्यप्रदेश ने संगठनात्मक विस्तार एवं सामाजिक समरसता को मजबूत करने की दिशा में महत्वपूर्ण निर्णय लेते हुए करंजिया के पूर्व मंडल अध्यक्ष राजकुमार मोंगरे को डिंडोरी जिले का जिलाध्यक्ष नियुक्त किया है। यह नियुक्ति प्रदेश अध्यक्ष पवन पाटीदार द्वारा भाजपा प्रदेश अध्यक्ष हेमंत खंडेलवाल की सहमति से जारी की गई।

राजकुमार मोंगरे लंबे समय से भाजपा संगठन में सक्रिय रहे हैं। करंजिया मंडल अध्यक्ष के रूप में उन्होंने संगठन को बूथ स्तर तक मजबूत करने तथा कार्यकर्ताओं के बीच बेहतर समन्वय स्थापित करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है। उनकी संगठन क्षमता और सामाजिक सक्रियता को देखते हुए पार्टी नेतृत्व ने उन पर भरोसा जताया है।

नियुक्ति की घोषणा के बाद भाजपा कार्यकर्ताओं एवं समर्थकों में उत्साह का माहौल है। अनेक नेताओं और कार्यकर्ताओं ने उन्हें बधाई देते हुए इसे उनकी निष्ठा, मेहनत और समर्पण का सम्मान बताया है।

नवनियुक्त जिलाध्यक्ष राजकुमार मोंगरे ने पार्टी नेतृत्व का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि वे संगठन को और अधिक मजबूत बनाने तथा भाजपा की रीति-नीति एवं जनकल्याणकारी योजनाओं को समाज के अंतिम व्यक्ति तक पहुंचाने के लिए पूरी निष्ठा से कार्य करेंगे।

# शहपुरा नगर परिषद की सीएमओ रीना सिंह राठौर हुई निलंबित

वित्तीय अनियमितताओं और नियम विरुद्ध कार्यों पर विभाग की बड़ी कार्रवाई



**शहपुरा नवभारत।** नगर परिषद शहपुरा में लंबे समय से उठ रहे वित्तीय एवं प्रशासनिक अनियमितताओं के आरोपों के बीच नगरीय प्रशासन एवं विकास विभाग ने बड़ी कार्रवाई करते हुए मुख्य नगरपालिका अधिकारी (सीएमओ) रीना सिंह राठौर को तत्काल प्रभाव से निलंबित कर दिया है। आयुक्त नगरीय प्रशासन एवं विकास, भोपाल द्वारा 25 जून 2026 को जारी आदेश में उनके विरुद्ध प्राप्त शिकायतों, जांच प्रतिवेदनों और पूर्व से लंबित विभागीय मामलों को आधार बनाते हुए यह कार्रवाई की गई है। विभागीय आदेश के अनुसार नगर परिषद शहपुरा की अध्यक्ष द्वारा शिकायत की गई थी कि सीएमओ रीना सिंह राठौर द्वारा नियमों को दरकिनार कर जेम पोर्टल एवं ऑफलाइन माध्यम से अपनी पसंद के ठेकेदारों से निर्धारित दरों से अधिक मूल्य पर सामग्री खरीदी जा रही थी। साथ ही कोटेशन प्रक्रिया के माध्यम से निर्माण कार्य कराकर शासकीय धनराशि के दुरुपयोग के आरोप भी लगाए गए थे। शिकायत में यह भी उल्लेख किया गया था कि बिना सक्षम स्वीकृति के नगर में टीन शेड निर्माण कराया गया तथा अपनी पसंदीदा एजेंसियों को कार्य देकर परिषद को वित्तीय नुकसान पहुंचाया गया। इसके अतिरिक्त जल गंगा संवर्धन योजना के अंतर्गत फर्जी या नियमविरुद्ध कार्यों के माध्यम से शासकीय राशि के दुरुपयोग की बात भी सामने आई। आदेश में कहा गया है कि सीएमओ द्वारा कई बार परिषद अध्यक्ष की अनुमति के बिना बैठकें आयोजित की गईं तथा अध्यक्ष के हस्ताक्षरों की फोटो कॉपी कर प्रस्ताव पारित किए जाने जैसी गंभीर शिकायतें भी प्राप्त हुई थीं। इन कार्रवाइयों से नगर निकाय को आर्थिक क्षति पहुंचने और परिषद की छवि धूमिल होने की बात जांच में सामने आई है। नगर परिषद अध्यक्ष द्वारा पूर्व में भी इस संबंध में संयुक्त संचालक, नगरीय प्रशासन एवं विकास, जबलपुर संभाग को शिकायत भेजी गई थी। शिकायत के आधार पर गठित तीन सदस्यीय जांच समिति ने मामले की जांच कर अपनी रिपोर्ट विभाग को सौंप दी थी। जांच प्रतिवेदन में स्वागत द्वार निर्माण में वास्तविक लागत से अधिक भुगतान, किराये पर वाहन लगाए जाने, बिना सक्षम स्वीकृति भुगतान करने तथा मानस भवन परिसर की दुकानों के आवंटन में अनियमितताओं सहित कई मामलों की पुष्टि किए जाने का उल्लेख किया गया है। विभागीय आदेश में यह भी उल्लेखित है कि रीना सिंह राठौर के विरुद्ध पूर्व से चार विभागीय जांचें संचालित हैं। इनमें चंदेरी, ब्यौहारी, नौरोजाबाद और चंदिया नगर परिषदों में पदस्थापना के दौरान भवन निर्माण अनुमति, सामग्री क्रय, वित्तीय अनियमितता, सड़क निर्माण और मोबाइल टॉयलेट क्रय जैसे मामलों की जांच शामिल है। इसके अलावा वर्ष 2026 में चंदिया नगर परिषद में पदस्थापना के दौरान दर्ज एक आपराधिक प्रकरण में उनके विरुद्ध अभियोजन स्वीकृति भी प्रदान की जा चुकी है। आयुक्त द्वारा जारी आदेश में कहा गया है कि उपलब्ध तथ्यों और जांच प्रतिवेदनों से यह स्पष्ट होता है कि जहां-जहां रीना सिंह राठौर पदस्थ रहीं, वहां अनियमितताओं संबंधी शिकायतें सामने आईं।

# जल गंगा संवर्धन अभियान का हुआ समापन



**शहपुरा नवभारत।** मध्य प्रदेश जन अभियान परिषद के तत्वावधान में संचालित जल गंगा संवर्धन अभियान का समापन गुरुवार को विकासखंड मेहदवानी के सेक्टर कठौतिया में श्रद्धा और उत्साह के साथ किया गया। कार्यक्रम जिला समन्वयक धर्मेंद्र चौहान एवं विकासखंड समन्वयक सुशीला ठाकुर के मार्गदर्शन में आयोजित हुआ, जिसमें नवांकुर संस्था, प्रस्फुटन समिति के प्रतिनिधियों, मेंटर्स एवं बड़ी संख्या में ग्रामीणों ने भाग लिया। कार्यक्रम की शुरुआत शाम 4 बजे नर्मदा तट पर पूजा-अर्चना एवं संगोष्ठी के साथ हुई।

इस दौरान जल संरक्षण, नदियों की स्वच्छता और पर्यावरण संरक्षण के महत्व पर विस्तार से चर्चा की गई। वक्ताओं ने कहा कि जल स्रोतों का संरक्षण वर्तमान समय की सबसे बड़ी आवश्यकता है और इसके लिए जनभागीदारी बेहद जरूरी है। इसके बाद उपस्थितजनों ने सेक्टर कठौतिया की दनदना नदी में दीप प्रज्वलित कर जल गंगा स्वरूप पूजा-अर्चना की। नदी तट पर दीपों की जगमगाहट ने पूरे वातावरण को भक्तिमय बना दिया। कार्यक्रम के समापन पर सभी श्रद्धालुओं एवं ग्रामीणों को प्रसाद वितरण किया गया। समन्वयकों ने ग्रामीणों से स्थानीय जल स्रोतों, तालाबों एवं नदियों की स्वच्छता और संरक्षण के लिए निरंतर प्रयास करने का आह्वान किया। कार्यक्रम में नवांकुर संस्था, प्रस्फुटन समिति के सदस्य, स्थानीय मेंटर्स एवं सैकड़ों ग्रामवासी उपस्थित रहे। जल संरक्षण के प्रति जनजागरूकता बढ़ाने के उद्देश्य से आयोजित यह अभियान क्षेत्र में सकारात्मक संदेश छोड़ गया।

# भगत सिंह क्लब ने क्रीड़ा भारती को दी शिकस्त

नपा स्टेडियम में हैंडबॉल मैत्री मैच आयोजित



**नवभारत उमरिया 25 जून।** ओलिंपिक दिवस एवं विश्व हैंडबॉल दिवस के अवसर पर जिला हैंडबॉल संघ एवं क्रीड़ा भारती उमरिया द्वारा नगर पालिका स्टेडियम में हैंडबॉल मैत्री मैच का आयोजन किया गया। इसमें बालक एवं बालिका वर्ग के रोमांचक मुकाबले खेले गए, जिनका खिलाड़ियों एवं खेल प्रेमियों ने भरपूर आनंद लिया।

बालक वर्ग में क्रीड़ा भारती उमरिया कि टीम एवं भगत सिंह क्लब कि टीम के मध्य कड़ा मुकाबला हुआ। दोनों टीमों के खिलाड़ियों ने शानदार खेल का प्रदर्शन किया। मैच में क्रीड़ा भारती उमरिया ने 11 गोल किए, जबकि भगत सिंह क्लब ने 17 गोल दागे। इस प्रकार भगत सिंह क्लब ने 6 गोलों के अंतर से जीत दर्ज कर मुकाबला अपने नाम किया।

**बालिका वर्ग में व्हाइट वॉरियर्स जीती**-बालिका वर्ग में व्हाइट वॉरियर्स एवं रेड वॉरियर्स के मध्य मैच खेला गया। व्हाइट वॉरियर्स ने 7 गोल किए, जबकि रेड वॉरियर्स ने 4 गोल किए। इस प्रकार व्हाइट वॉरियर्स ने 3 गोलों के अंतर से जीत दर्ज की।

**अतिथियों ने किया खिलाड़ियों का उत्साहवर्धन**-कार्यक्रम में शिक्षा विभाग के जगदीश सिंह मसराम एवं मुकेश कुमार झारिया तथा खेल एवं युवा कल्याण विभाग से कृष्ण कुमार झारिया, राष्ट्रीय खिलाड़ी शिवम सोंधिया, राष्ट्रीय खिलाड़ी अतुल रजक एवं हॉकी के एनआईएस कोच राहुल बर्मन विशेष रूप से उपस्थित रहे। सभी अतिथियों ने खिलाड़ियों का उत्साहवर्धन किया तथा मैच का भरपूर आनंद लिया। प्रतियोगिता के संचालन में वीरेंद्र बैगा, मनीषा पेंद्रे एवं अंजली विश्वकर्मा ने महत्वपूर्ण भूमिका निभाई।

बैठक

मध्यप्रदेश ग्रामीण बैंक प्रबन्धक ने ग्राम पंचायत सभागार में जागरूकता बैठक की आयोजित

# शासन की योजनाओं से ग्रामीणजनों को कराया गया रूबरू




**चिल्हारी, उमरिया।** जिले के ग्राम चिल्हारी स्थित पंचायत सभागार में मध्यप्रदेश ग्रामीण बैंक चिल्हारी शाखा प्रबन्धक द्वारा जागरूकता एवं जनसंवाद बैठक आयोजित की गई। बैठक में शाखा प्रबंधक धीरज सिंह ने शासन द्वारा संचालित विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं एवं बैंक की सेवाओं की जानकारी देते हुए ग्रामीणों को बचत खाता, किसान क्रेडिट कार्ड, स्वरोजगार ऋण, सामाजिक सुरक्षा योजनाएं, महिला सशक्तिकरण योजनाएं एवं डिजिटल बैंकिंग के संबंध में विस्तार से बताया।

बैठक में जनपद सदस्य विजय द्विवेदी, सरपंच श्रीमती अरुणा कोल, युवा समाजसेवी एवं पत्रकार राजर्षि मिश्रा, स्व-सहायता समूह की महिलाएं, किसान, युवा एवं बड़ी संख्या में ग्रामीणजन उपस्थित रहे। जनपद सदस्य विजय द्विवेदी ने बैंक परिसर में समूह की महिलाओं के साथ आने वाले बच्चों के लिए रेस्ट रूम, ग्राहकों हेतु वाहन पार्किंग, पेयजल एवं बैठने की बेहतर व्यवस्था किए जाने का सुझाव दिया।

युवा समाजसेवी एवं पत्रकार राजर्षि मिश्रा ने कहा कि मध्यप्रदेश ग्रामीण बैंक चिल्हारी शाखा से लगभग 10 हजार खाताधारक जुड़े हुए हैं तथा चिल्हारी सहित करीब 40 गांवों के लोग बैंक की सेवाओं का लाभ प्राप्त कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि चिल्हारी में लगभग 50 वर्षों से बैंक का संचालन हो रहा है, जो ग्रामीण क्षेत्र के आर्थिक विकास में महत्वपूर्ण भूमिका निभा रहा है।

राजर्षि मिश्रा ने सुझाव दिया कि मध्यप्रदेश ग्रामीण बैंक द्वारा समय-समय पर नि:शुल्क स्वास्थ्य शिविर, वित्तीय साक्षरता अभियान, मंदिर परिसर एवं बस स्टैंड जैसे सार्वजनिक स्थलों पर पेयजल व्यवस्था, तथा विद्यार्थियों के लिए कोचिंग सेंटर एवं शैक्षणिक सहयोग कार्यक्रम संचालित किए जाएं। साथ ही बैंक के उत्कृष्ट कर्मचारियों, स्व-सहायता समूहों एवं हितग्राहियों को समय-समय पर प्रशंसा पत्र देकर सम्मानित करने की भी बात कही।

### आर्थिक रूप से सशक्त बनाना उद्देश्य

बैठक में उपस्थित ग्रामीणों ने बैंक द्वारा दी गई जानकारी को उपयोगी बताते हुए विभिन्न योजनाओं का लाभ लेने की बात कही। कार्यक्रम का उद्देश्य ग्रामीणों को बैंकिंग सेवाओं एवं शासन की योजनाओं से जोड़कर उन्हें आर्थिक रूप से सशक्त बनाना रहा। इस अवसर पर पत्रकार रमाकांत तिवारी, भाजपा मंडल उपाध्यक्ष मूलचंद बर्मन, प्रदीप गुप्ता, दिनेश गुप्ता, प्रशांत सोनी, पूर्व सरपंच दिनेश कोल, अरविंद नामदेव, महेंद्र सिंह, केदार सोनी, देवेंद्र पटेल, मदन कोल, भाईयालाल सोनी, रामजी सोनी, श्रीकांत निगम, पवन गुप्ता विकास श्रीवास्तव, संदीप काछी, रोशन सिंह, संतोष कोल, धीरज कचेर, सहित अन्य लोग मौजूद रहे।